तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 100/2019 अनवान मंगलाराम के कायम मुकान बनाम महेन्द्राराम वगैरा**	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
	राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवो के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान ग्राम पंचायत भवन बलाऊ पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 14.10.2021 को ग्राम पंचायत भवन बलाऊ पर पेश हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) बाड़मेर	
14.10.2021	पत्रावली ग्राम पंचायत भवन बलाऊ में पेश हुई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि यह आवेदन दिनांक 14.12.2018 को प्रस्तुत किया है। वाद पत्रावली एवं आवेदन के अवलोकन से यह भी ज्ञात होता है कि प्रार्थीगण मंगलाराम के कायम मुकाम 1 मु0 बादली पत्नी मंगलाराम 2 किशनाराम पुत्र मंगलाराम 3 सरूपाराम पुत्र मंगलाराम 4 गणपत देवासी पुत्र मंगलाराम 5 बांकारा पुत्र मंगलाराम 6 उमाराम पुत्र मंगलाराम 7 लीला देवासी पुत्री मंगलाराम 8 सरूपी पुत्री मंगलाराम जातियान रबारी निवासीयान बलाऊ तहसील एवं जिला बाड़मेर (वादी संख्या 6 से 8 नाबालिग की कुदरती वलिया सगी माता मुस्समात बादली बेवा मंगलाराम जाति रबारी निवासी बलाऊ) 9 लुणीदेवी पुत्री मंगलाराम (पत्नी धन्नाराम) जाति रबारी निवासी पुनड़ों की बस्ती उण्डखा तहसील एवं जिला बाड़मेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में प्रथम दृष्टया प्रकरण प्रार्थी के पक्ष में प्रतीत नही होता है और न ही सुविधा का सन्तुलन प्रार्थी के पक्ष में है। यदि यह आवेदन खारिज किया जाता है, तो प्रार्थी पक्ष को अपूर्णीय क्षति होने की संभावना प्रतीत नही होती है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र निराधार होने से खारिज किया जाता है। निर्णय मजमेआम में सुनाया गया। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) बाड़मेर	